आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–11 अक्टूबर 2024 **सान्ध्य समाचार**

शारदीय नवरात्र के नवमी तिथि पर आज प्रदेश भर के देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा–अर्चना के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी हुयी है। श्रद्धालु मां भगवती के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की आराधना कर मंगलकामना कर रहे हैं। सभी जिलों में सजाये गये पूजा पण्डालों में भी देवी गीत गूंज रहे हैं और लोग कतार लगाकर मां भगवती का दर्शन–पूजन कर रहे हैं। मिर्जापुर जिले के विन्ध्याचल स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचलधाम में ब्रम्हमुहूर्त से ही श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। वहां से हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि लोग मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन के बाद विन्ध्याचल धाम में लगे मेले का आनंद भी उठा रहे हैं। बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के कतार लगाकर दर्शन–पूजन की खबर है। सीतापुर जिले के नैमिषारण्य स्थित मॉ ललिता देवी मंदिर और वाराणसी के दुर्गाकुण्ड पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन–पूजन को पहुंच रहे हैं। गोरखपुर जिले में तरकुलहा देवी मंदिर और महराजगंज जिले में स्थित लेहड़ा देवी मंदिर पर भी आज नवरात्र के आखिरी दिन माता के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

****

नवरात्र की नवमी तिथि पर आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा–अर्चना करने के बाद कन्या पूजन किया। श्री योगी ने मां दुर्गा की प्रतीक स्वरूप नौ कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, आरती उतारी और पूरी श्रद्धा के साथ उन्हें भोजन कराने के बाद दक्षिणा और उपहार देकर विदाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र और विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व नारी गरिमा की प्रतिष्ठा का पर्व है। जिस समाज में नारी की पूजा होती है और उसे सम्मान दिया जाता है वह समाज स्वयं ही समर्थ और शक्तिमान हो जाता है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी बीस अक्टूबर को एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे हैं। वहां वह नवनिर्मित शंकर नेत्रालय का शुभारम्भ करेंगे और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात श्री मोदी वाराणसी के सिगरा स्थित सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम का लोकार्पण करेंगे और काशी के लिये बारह सौ करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। इसमें लाल बहादुर शास्त्री अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तारीकरण की योजना भी शामिल है। वाराणसी के मण्डलायुक्त कौशल राज शर्मा ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर जोर–शोर से तैयारी चल रही है।

****

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में अब श्रद्धालुओं को मंदिर ट्रस्ट की ओर से प्रसाद उपलब्ध कराया जायेगा। वाराणसी के मण्डलायुक्त और काशी विश्वनाथ मंदिर के सभापति कौशल राज शर्मा ने आज संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि मंदिर प्रशासन विजयादशमी के दिन से प्रसाद वितरण की इस नई परम्परा की शुरूआत करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि लम्बे समय से ट्रस्ट की ओर से इस विषय पर विचार किया जा रहा था कि श्रद्धालुओं के बीच मंदिर ट्रस्ट का प्रसाद वितरित होना चाहिए।

****

प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा रूख अपनाते हुए प्रदेश के दो पीसीएस अधिकारियों को निलम्बित कर दिया है। निलम्बित किये जाने वाले अधिकारियों में जौनपुर के मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह और बिजनौर के उप जिलाधिकारी आदेश सिंह सागर शामिल हैं। दोनों अधिकारियों को राजस्व परिषद से सम्बद्ध करते हुए अलग–अलग मण्डलों के मण्डलायुक्तों को उनके खिलाफ जांच की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

****

शिक्षा मंत्रालय ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत युवा संगम के पांचवें चरण के लिए पंजीकरण पोर्टल शुरू किया है। युवा संगम विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवाओं का लोगों से संबंध मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार की एक पहल है। अट्ठारह से तीस वर्ष की आयु के युवा, इस पोर्टल पर पंजीकरण कराकर इसमें शामिल हो सकते हैं।

****

कौशांबी जिले में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगर निकायों और जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा सात हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को ऋण वितरित किया गया है। वहां के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में सात हजार चार सौबीस लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा द्वितीय चरण में उन्नीस सौ छानबे और तृतीय चरण में दो सौ अड़तालीस स्ट्रीट वेंडरों को ऋण दिया गया है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारत रत्न नानाजी देशमुख और लोकनायक जयप्रकाश नारायण को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में देश के ग्रामीणों के सशक्तिकरण के प्रति नानाजी देशमुख के समर्पण और सेवा को याद किया और देश और समाज के लिये योगदान को लेकर लोकनायक जय प्रकाश नारायण की सराहना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा है कि जय प्रकाश नारायण ने राष्ट्र की जनतांत्रित चेतना को जागृत कर लोकतंत्र की पुनर्स्थापना में अविस्मरणीय योगदान दिया है। वह सच्चे अर्थों में लोकनायक थे।

****